Red Wings

Page No. ___ Date ___/___/20___

हिंदी वसंत पाठ - 5 (अक्षरों का महत्व)

कक्षा - 6 ;

प्र० पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ नए युग की शुरुआत हुई ?

उ० प्राचीन काल में जब आदमी सभ्य हुआ तो उसने पढ़ने लिखने के लिए लिपि का अविष्कार किया। इससे मनुष्य को अपने विचार-विनिमय और हिसाब-किताब को लिखकर रखने में मदद मिली। इसी लेखन प्रक्रिया के स्वरूप उसने इतिहास लेखन का कार्य भी शुरू कर दिया जिससे एक नए युग की शुरुआत हो गई।

प्र० 2 अक्षरों की खोज का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ ? पाठ पढ़कर उत्तर लिखो।

उ० मनुष्य ने अक्षरों की खोज आज से लगभग छह हजार साल पहले की थी। तभी से लिखने-लिखाने का सिलसिला निरंतर निर्बाध चला आ रहा है। अक्षरों की खोज से पूर्व मनुष्य भी अन्य पशुओं की ही भाँति अपने विचार स्पष्टतया प्रकट करने में असमर्थ था। उसके बाद मनुष्य ने अक्षरों की खोज की।

प्र० 3 अक्षरों के ज्ञान से पूर्व मनुष्य अपनी बात को दूर - दराज़ के इलाको तक पहुँचाने के लिए किन - किन माध्यमों का सहारा लेता था?

उ० मनुष्य ने अक्षरों की खोज करने से पूर्व अपने संदेशों को दूर - दराज के इलाकों तक पहुँचाने के लिए तरीके अपनाए थे। इनमें से मुख्य रूप से चित्रात्मक भाषा का प्रयोग किया। चित्रात्मक भाषा में विभिन्न पशु - पक्षियों के चित्र बनाकर अपने भावों - विचारों को प्रकट किया जाता था। तत्पश्चात उसने सांकेतिक भाषा का प्रयोग किया। इस भाषा के माध्यम से वह अपने शारीरिक एवं अन्य सहायक सामग्रियों से अपने भाव - विचार प्रकट करता था।

निबंध से आगे

प्र० 1 अक्षरों के महत्त्व की तरह ध्वनि के महत्त्व के बारे में जितना हो उसे लिखो।

उ० अक्षरों के उच्चारित रूप को ध्वनि कहते हैं। तात्पर्य यह कि ध्वनि भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना कि अक्षर। ध्वनि में ही अक्षरों का उच्चारण किया जाता है। मौखिक भाषा का आधार ध्वनि ही है। पहले

Red Wings

Page No. ___ Date ___/___/20___

ध्वनि पैदा हुई उसके बाद अक्षर। ध्वनि के बल पर ही अनपढ़ व्यक्ति भी विचार - विनिमय कर लेता है। ध्वनि ही अभिव्यक्ति का मूल है। अक्षर ध्वनि का ही अनुकरण है।

प्र० 2 रेडियो की भाषा लिखित नहीं मौखिक है। मौखिक भाषा का जीवन में क्या महत्व होता है?

उ० भाषा का मूल रूप मौखिक भाषा ही है। मौखिक भाषा ही विचार - विनिमय का मुख्य आधार है। किसी भी भाषा का लिखित रूप तो बाद में अस्तित्व में आता है। धीरे - धीरे उसका विकास होता है। छोटा बच्चा जो लिखना - पढ़ना नहीं जानता, अपनी बात को कहने में मौखिक भाषा को ही प्रयोग में लाता है। मौखिक भाषा का प्रयोग शिक्षित - अशिक्षित सभी करते हैं।

प्र० 3 हर वैज्ञानिक खोज के साथ - किसी - न किसी वैज्ञानिक का नाम जुड़ा होता है, लेकिन अक्षरों के साथ ऐसा नहीं है, क्यों? पता करो।

Red Wings

Page No. ___ Date ___/___/20___

उ० यह सत्य है कि हर वस्तु के आविष्कारक का नाम वस्तु के साथ जुड़ा होता है। परंतु अक्षरों के आविष्कारक का नाम कभी सुनने-पढ़ने में नहीं आता है। इसका कारण, अक्षरों का विकास अनेक वर्षों के प्रयास एवं अभ्यास से हुआ है। अक्षरों की खोज कभी किसी व्यक्ति-विशेष ने नहीं की। इसी कारण अक्षरों के आविष्कारक का नाम भी अज्ञात ही है। यह समाज द्वारा सामूहिक रूप में विकसित हुआ।